>

Title: Need to declare Uttar Pradesh as a drought affected state and to provide a special financial package.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): अध्यक्ष महोदया जी, आज पूरे देश में सूखा है। मेरी मांग है कि उत्तर प्रदेश को सूखाग्रस्त राज्य घोषित किया जाए। राज्य सरकार कह रही है कि मैंने केन्द्र सरकार को पैकेज भेजा है, लेकिन केन्द्र सरकार के मंत्री ने कहा कि सूखे से संबंधित कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि उत्तर प्रदेश के किसानों को आप सिंचाई के लिए अतिरिक्त बिजली दीजिए। उत्तर प्रदेश में जो पार्टी सत्ता में है, उनके सांसद यहां बैठे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि बिहार की सरकार ने डीजल पर 15 रुपये से 20 रुपये तक सब्सिडी देनी शुरु कर दी है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि सूखे को देखते हुए, विशेष आर्थिक पैकेज केन्द्र सरकार उत्तर प्रदेश को भेजे और उसका पूरा सर्वे कराकर, पूरे प्रदेश को सूखाग्रस्त घोषित करे। केन्द्र सरकार से मांग है कि उत्तर प्रदेश के किसानों को अतिरिक्त बिजली उपलब्ध कराए तथा राज्य सरकार किसानों को डीजल पर सब्सिडी देने का काम करे।